(5) संचालन और रख-रखाव कर्मचारी वर्ग की सेवाओं के मूल्य का 80 प्रतिशत (अर्थात् 100 प्रतिशत तक, अग्रिम भुगतान सहित) मासिक बीजकों के प्रस्तुत होने के 28 दिनों के अन्दर।

हिन्दुस्तान कागज निगम का गठन

3921. **श्री रामर्मूति :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दुस्तान कागज निगम का गठन कब हुआ था और इस पर अब तक कुल कितनी राशि खर्च हुई है;

(ख) क्या इस निगम का कोई यूनिट चालू हो गया है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस निगम के अध्यक्ष द्वारा किन-किन देशों का दौरा किया गया था, इन दौरों की संख्या तथा उनका उद्देश्य क्या है और प्रत्येक दौरे पर कितनी राशि खर्च हुई है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी आभा मायती) (क) हिन्दुस्तान कागज निगम 29 मई, 1970 में निगमित किया गया था। निगम की विभिन्न परियोजनाओं पर नवम्बर, 1977 तक कुल मिलाकर 6798 लाख रुपये खर्च हुआ था।

(ख) इस समय केवल एक ही यूनिट यथा मंगइया नेशनल पेपर मिल्स चालू है जो 2 जनवरी, 1974 को हिन्दुस्तान कागज निगम द्वारा एक रुग्ण मिल के रूप में हाथ में ली गई थी।

नागालैंड में 33,000 मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाले एक एकीकृत लुगदी तथा कागज मिल की स्थापना करने के लिये जुलाई, 1972 में स्वीकृति दी गई थी। परियोजना पर अमल हो रहा है और आशा की जाती है कि 1978 के अंत तक यह चालू हो जायेगा।

हिन्दुस्तान कागज निगम द्वारा 80,000 मी० टन वार्षिक क्षमता वाली अखबारी कागज परियोजना की केरल राज्य जिला कोट्टायम में स्थापना करने की विनियोजन की दृष्टि से स्वीकृति अगस्त, 1974 में दे दी गयी थी। कार्यान्वयन की दिशा में ठोस प्रगति हुई है और 1979 के मध्य तक परियोजना के चालू हो जाने की आशा है।

सरकार ने मार्च, 1977 से आसाम के नौगांव तथा कछार जिलों में प्रत्येक में 1,00,000 मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता की ही एकीकृत लुगदी तथा कागज मिलों की स्थापना करने हेतु स्वीकृति दी थी। इस वर्ष देरी से मिलने वाली वस्तुओं यथा, विद्युत् बायलरों आदि के लिये क्रयादेश दे दिये गये हैं। नौगांव संयंत्र के 1980 के अंत तक कछार संयंत्र के 1981 के अंत तक चालू हो जाने की आशा है।

(ग) सभा पटल पर रखे गये विवरण में ब्यौरा दिया गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया देखिये संख्या एलटी-1359/77]।

Installation of a Plant to Manufacture Fibre Glass in Bharat Opthalmic Glass Limited, Durgapur

3922. SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government have decided to instal a plant to manufacture fibre glass in Bharat Opthalmic Glass Limited, Durgapur; and

(b) if so, when the Plant will be commissioned?